**Regarding issues pertaining to Opium cultivators in Aonla Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh- laid**

श्री नीरज मौर्य **(**आंवला**) :** मेरे निर्वाचन क्षेत्र आमला लोकसभा के अंतर्गत किसानों को अफीम की खेती के लाइसेंस दिए गए थे । जनपद बरेली में लगभग 4000 किसानों के पास उक्त खेती करने के लाइसेंस थे परंतु इस वर्ष किसानों के लाइसेंस निर्गत नहीं हुए जिसके कारण सभी किसान भाइयों को बहुत असुविधा हो रही है । सभी बहुत परेशान हैं ।

अतः मैं चाहूंगा कि किसानों की उक्त समस्या के समाधान हेतु संबंधित अधिकारीयों को निर्देशित करने का कष्ट करें ।